आपके शिशु को श्रवण शक्ति के एक नैदानिक परीक्षण की ज़रूरत है



आपके शिशु की एक नैदानिक श्रवण शक्ति परीक्षण के लिए अपॉइंटमेन्ट है:

आपके शिशु का नाम ______________________________

ऑडियोलॉजिस्ट का नाम ______________________________

ऑडियोलॉजिस्ट का फ़ोन नंबर ______________________________

ऑडियोलॉजिस्ट का ईमेल ______________________________

अपॉइंटमेन्ट की तिथि ______________________________

अपॉइंटमेन्ट का समय ______________________________

अगर आपको अपॉइंटमेन्ट का समय बदलने की ज़रूरत हो, तो कृपया ऑडियोलॉजिस्ट – श्रवण शक्ति की देखभाल के एक विशेषज्ञ – को कॉल करें। आपका शिशु *3 महीने* का हो तब तक उसका यह परीक्षण हो जाना चाहिए।

अगले कदम

- अपने शिशु को ऊपर निर्दिष्ट अपॉइंटमेन्ट के लिए लाएं।
- श्रवण शक्ति परीक्षण के दौरान एक ऑडियोलॉजिस्ट आपके शिशु की श्रवण शक्ति का परीक्षण करने के लिए साधनों का उपयोग करेंगे। इस परीक्षण से आपके शिशु को चोट नहीं पहुँचेगी।
- श्रवण शक्ति की हानि को जितनी जल्दी पहचाना जा सके, उतनी ही जल्दी आपका शिशु वाणी और भाषा जैसे संचार कौशल सीखने के लिए सेवाएं प्राप्त कर सकता है।

संचार महत्वपूर्ण क्यों है?

- आपका शिशु जितना जल्दी हो सके संचार कर पाए यह सबसे अच्छा है। इस परीक्षण से आपके बच्चे को जिस तरह की श्रवण शक्ति की हानि है उसकी और श्रवण शक्ति की हानि के स्तर की पहचान हो पाएगी।
- अगर आपके शिशु को श्रवण शक्ति की हानि हो, तो नैदानिक परीक्षण आपकी और आपके शिशु के ऑडियोलॉजिस्ट या स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की आपके शिशु के संचार करने के लिए एक नया तरीका चुनने में मदद करेगा। आपके शिशु के लिए संचार का सबसे अच्छा तरीका ऐसा तरीका है जो आपके शिशु और आपके परिवार के लिए सबसे उपयुक्त लगे। हो सकता है कि आपके बच्चे के लिए संचार का श्रेष्ठ तरीका साइन लेंग्वेज हो सकती है, वाणी हो सकती है या फिर दोनों।
- माता-पिता और देखभाल करने वाले किसी शिशु की संचार करना सीखने में मदद करने में सबसे महत्वपूर्ण लोग होते हैं।
- संचार दो-तरफा होना चाहिए: आप से आपके शिशु को और आपके शिशु से आपको।
- आपका शिशु जन्म से ही भाषा कौशल विकसित करने लगता है। भाषा सभी शिक्षा की कुंजी है, और सीखने के लिए श्रवण शक्ति बहुत महत्वपूर्ण होती है।

श्रवण शक्ति की हानि क्या होती है?

- श्रवण शक्ति की हानि ऐसी कोई भी स्थिति है, जो आपका शिशु ध्वनि को कैसे पहचानता है उसे प्रभावित करती है। यह हो सकती है:
  - > स्थायी या अस्थायी
  - > हल्की, मध्यम, गंभीर या अत्यंत गंभीर
- अगर नैदानिक परीक्षण से पुष्टि होती है कि आपके शिशु को श्रवण शक्ति की हानि है, तो यह आपके शिशु के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या ऑडियोलॉजिस्ट को भी बताएगा, कि श्रवण शक्ति की हानि का प्रकार और स्तर क्या है।

और जानकारी के लिए: **health.ny.gov/EHDI**

NEW YORK STATE | Department of Health

21536 (Hindi) 11/24